## आकाशवाणी शिमला

## 02.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

**प्रश्नकाल**

हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य पथ परिवहन निगम में युक्तिकरण कर घाटे वाले 4 सौ 35 बस रूट बंद करेगी। धर्मशाला के तपोवन में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक संजय अवस्थी के एक सवाल पर हस्तक्षेप करते हुए ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआरटीसी को हर माह 70 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है। इस तरह निगम का सालाना घाटा 8 सौ 40 करोड़ रुपए है और यह घाटा बढ़कर अब तक 2 हजार 2 सौ करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार परिवहन निगम को हर साल 7 सौ 80 करोड़ रुपए अनुदान दे रही है और निगम के बढ़ते घाटे को देखते हुए सरकार कुछ रूटों को बंद कर उन्हें निजी क्षेत्र में देने जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार ने परिवहन निगम के वही रूट बंद किए हैं, जहां अतिरिक्त बसें चल रही थी और घाटे में थी। इससे पहले, मूल प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि कंधर–बागा बस सेवा को फिलहाल चंडीगढ़ तक ही चलाया जाएगा और इसे फिर से दिल्ली के लिए बहाल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम पर इस समय 13 सौ करोड़ रुपए से अधिक की देनदारी है। विधायक त्रिलोक जम्वाल के एक सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिलासपुर से वाया कंदरौर–हरलोग होकर जाहू जाने वाली परिवहन निगम की बस सेवा को घाटे के कारण बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस रूट पर एक निजी बस सेवा आरंभ हो गई है। विधायक विनोद कुमार के सवाल के जवाब में रोहित ठाकुर ने कहा कि परिवहन निगम में माइलेज और उम्र पूरी कर चुकी बसों को सरकार शीघ्र बदलेगी। विधायक सुधीर शर्मा, रणवीर सिंह निक्का और मलेंद्र राजन के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्ष 2016 से 2021 के बीच रिटायर हुए होमगार्ड को उनके वेतन और पेंशन का एरियर प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक होने पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भुगतान वित्तीय परिस्थितियों पर निर्भर होगा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल के दौरान आज करूणामूलक रोजगार का मुद्दा गूंजा। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष व विपक्ष आमने–सामने हुए। विपक्ष के सदस्य दीप राज के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार करूणामूलक आधार पर रोजगार की नीति में बदलाव करेगी। उन्होंने विपक्ष पर इस मुद्दे को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने करूणामूलक आधार पर रोजगार के लिए सालाना आय सीमा को ढाई लाख रुपए से बढ़ाकर तीन लाख रुपए कर दिया है। इसे नीति में शामिल कर अधिक से अधिक युवाओं को अनुकंपा के आधार पर रोजगार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीतियों में बदलाव समय के मुताबिक किया जाता है। लिहाजा जरूरत पड़ी तो सरकार भी करूणामूलक रोजगार नीति में बदलाव करेगी।

इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार से जानना चाहा कि कांग्रेस सरकार के तीन साल में अनुकंपा के आधार पर दिए गए रोजगार व पूर्व भाजपा सरकार के पांच साल में दिए गए रोजगार के आंकड़े सदन में रखे। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि पूर्व भाजपा सरकार के वक्त राज्य में अनुकंपा के आधार पर सर्वाधिक रोजगार दिया है।

**नशा जागरूकता**

नशे के खात्मे के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रभावी अभियान को मंडी ज़िला में भी प्रमुखता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। ज़िला प्रशासन द्वारा इस अभियान को और गति देने के लिए पंचायत स्तर पर कई जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता।

**ट्रेन सेट**

विश्व धरोहर कालका–शिमला रेल लाइन पर तीन बोगी वाला डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन सेट ट्रायल रन के दौरान कल करीब छह घंटे में शिमला पहुँचा। इस नए ट्रेन सेट का उद्देश्य सफर को तेज, सुगम व सुरक्षित बनाना है। रेलवे ने वर्ष 2023 में इस आधुनिक ट्रेन को तैयार किया है। कालका –शिमला रूट पर फिलहाल पांच ट्रेनें चल रही हैं, और इस नए तीन बोगी वाले ट्रेन सेट के जुड़ने से यात्रियों को और अधिक सुविधा मिलेगी। इस ट्रेन में हर कोच में 60 यात्री बैठ सकेंगे और अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद यह ट्रेन नियमित रूप से इस ऐतिहासिक ट्रैक पर दौड़ सकती है।

——————————————————————————————————

———————————————————————————————